

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

आज की मेहनत, कल की सफलता की नींव रखती है।
हर दिन कुछ नया सीखो, सफलता खुद तुम्हें ढूंढ लेगी।


गुरुवार 09 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 96 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## भूटान में स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम में नालंदा विश्वविद्यालय ने लिया भाग

### नालंदा विश्वविद्यालय भारत और भूटान के बीच एक मजबूत कड़ी का कर रहा काम

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता,राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय ने भूटान के थिम्पू में आयोजित "स्टडी इन इंडिया" कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने संभावित छात्रों और शोधार्थियों से मुलाकात की। इससे विश्वविद्यालय को भूटान के साथ अपने पुराने ऐतिहासिक संबंधों को याद करने का अवसर मिला, जो खासकर गुरु पद्मसंभव जैसे महान बौद्ध गुरुओं से जुड़े हैं। नालंदा विश्वविद्यालय ने यह भी दिखाया कि वह किस तरह एशिया की महान ज्ञान परंपराओं को आज की आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़कर आगे बढ़ रही है। अपनी यात्रा के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के डेलीगेशन (डॉ. किशोर धवाला और डॉ. प्रांशु समदर्शी) ने एम्बेसडर संदीप आर्य से मुलाकात की। इस दौरान भारत और भूटान के पुराने सांस्कृतिक और विद्वत परंपरा के संबंधों को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। टीम ने रॉयल सिविल सर्विस कमीशन की चेयरपर्सन सुश्री ताशी पेम से भी मुलाकात की और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते आपसी सहयोग की जानकारी दी। नालंदा विश्वविद्यालय ने 11वें भूटान इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर 2026 में भी हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के स्टॉल पर काफी छात्र आए, जिन्हें वहां पढ़ाई के मौकों और श्नालंदा यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप स्कीमश के बारे में बताया गया। पुरानी विरासत और आज के नए कोर्सेज के अनूठे मेल की वजह से नालंदा का यह पवेलियन छात्रों के बीच काफी पॉपुलर रहा। शिक्षा और कौशल विकास मंत्री सुश्री येजांग दे थापा ने विश्वविद्यालय के स्टॉल (पवेलियन) का दौरा किया।






उन्होंने नालंदा की टीम से बात की और विश्वविद्यालय के उस खास नजरिए को सराहा, जो अपनी पुरानी विरासत को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ता है। इन कोशिशों के से नालंदा विश्वविद्यालय भारत और भूटान के बीच एक मजबूत कड़ी का काम कर रहा है। इससे न केवल दोनों देशों में शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि हमारी साझा संस्कृति और ज्ञान की परंपरा भी और मजबूत हो रही है।







## नालंदा पुलिस में बड़ा फेरबदल, 10 अधिकारियों का तबादला–कानून–व्यवस्था मजबूत करने पर जोर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में कानून–व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत 10 पुलिस पदाधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बदलाव में कई अहम थानों की कमान अनुभवी अधिकारियों को दी गई है। आदेश के अनुसार, चंडी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुमन कुमार को दीपनगर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह को उनके अनुरोध पर साइबर थाना भेजा गया है। एकंगरसराय के थानाध्यक्ष रहे अखिलेश कुमार झा को अब चंडी थाने की कमान सौंपी गई है, जबकि अनिल कुमार को एकंगरसराय और मुरली मनोहर आजाद को बिंद थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा राज कुमार चौधरी को भागनबिगहा, निशा भारती को कल्याणबिगहा, रौशन कुमार को चेरो थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चेरो के पूर्व थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय को पुलिस कार्यालय नालंदा के डीसीबी शाखा का प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर सख्त दिशा–निर्देश भी जारी किए हैं। स्पष्ट किया गया है कि किसी भी दोषी, आपराधिक मामले में संलिप्त या नैतिक कदाचार के आरोपी अधिकारी को थाने की कमान नहीं सौंपी जाएगी। भ्रष्टाचार, मि. हलाओं से दुर्व्यवहार और हिरासत में हिंसा जैसे मामलों में शामिल अधिकारियों को भी इस पद से दूर रखा जाएगा। शराबबंदी कानून के पालन को लेकर भी सख्ती बरती गई है। आदेश में कहा गया है कि शराब से जुड़े किसी भी मामले में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को 10 वर्षों तक थानाध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अविलंब अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान दें और आवश्यक प्रमाण–पत्र कार्यालय में जमा कर कार्यभार ग्रहण करें।

## राज्यपाल से मिले डॉ. निशिकांत तिवारी, खेल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विस्तार और विकास पर हुई विस्तृत चर्चा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता,राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के परीक्षा नियंत्रक डॉ. निशिकांत तिवारी ने राज्यपाल सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार मुलाकात कर विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों, संस्थागत विकास एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को और सुदृढ़ बनाने तथा खेल शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया गया। डॉ. निशिकांत तिवारी ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, परीक्षा प्रणाली, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं खेल अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ–साथ उन्हें आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इसके साथ ही संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए नई योजनाओं और शैक्षणिक विस्तार पर भी काम किया जा रहा है। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने विश्वविद्यालय द्वारा खेल शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार खेल विश्वविद्यालय राज्य के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो सकता है, जहां उन्हें



अपने खेल कौशल को विकसित करने के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और नवाचार के आधार पर आगे बढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिष्ठित और आदर्श खेल विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में सतत प्रयास जारी रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि खेल के क्षेत्र में बेहतर संसाधन, प्रशिक्षित संकाय और आधुनिक सुविधाओं का समावेश संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। मुलाकात के दौरान विश्वविद्यालय के दीर्घकालिक विकास, नए पाठ्यक्रमों के संचालन, खेल अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा छात्रों के समग्र विकास पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल ने इस दिशा में हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अनामिका तिवारी भी उपस्थित रहीं।





अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें


7033325120

# बिहार थाना परिसर में युवक ने छत से कूदकर किया आत्मघाती प्रयास, गंभीर रूप से हुआ घायल

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहार थाना में एक युवक द्वारा थाना परिसर की तीसरी मंजिल के छत से कूदने का मामला सामने आया है। इस घटना में युवक बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे पुलिस द्वारा तत्काल इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने इसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया, घायल युवक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के सोसंदी गांव निवासी राजेंद्र पंडित के पुत्र वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम बिहार थाना इलाके के बनौलिया मोहल्ला के कुछ ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद 112 पुलिस ने युवक को बिहार थाना के हवाले कर दिया। इस संबंध में बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे बताया कि युवक के परिजनों को पहले ही सूचना दे दी गई थी। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है।



बुधवार सुबह युवक ने बाथरूम जाने की बात कही, जिस पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही उसे बाथरूम तक ले गया। बाथरूम से निकलने के बाद अचानक युवक थाना परिसर की छत पर चढ़ गया और वहां से छलांग लगा दी। इस घटना के बाद थाना परिसर में अफरा–तफरी मच गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महके में हड़कंप मच गया, सदर डीएसपी, विधि व्यवस्था डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर, सुमित अन्य पुलिस बल सदर अस्पताल पहुंचे, इस घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं,




# इस्लामपुर के इकरा इंग्लिश अकादमी में सातवीं के छात्रों को सम्मानपूर्वक विदाई

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** वहीद उद्दीन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित इकरा इंग्लिश अकादमी में सातवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं को समारोहपूर्वक सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबो. धित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि छात्र अब इस विद्यालय से आगे बढ़कर अन्य संस्थानों में जाएंगे, लेकिन यहां से प्राप्त शिक्षा और संस्कार को अपने जीवन में बनाए रखें। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश और समाज की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छात्र ऊंचाइयों को छू सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने छात्रों को एक अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय से विदाई का यह क्षण भावुक होने के साथ–साथ गर्व का भी है। छात्रों ने अपने अनुशासन और पढ़ाई से विद्यालय का नाम रोशन किया है, जिसे संस्था हमेशा याद रखेगी।




कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहू, मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो. जियाउद्दीन तथा पत्रकार अजीत केशरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राशिद अनवर, खालिद अनवर, कश्मीरी नाज़, मेहर, रुखसार, नगमा, आएशा, मुस्कान सहित कई शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीरबीघा थाना में मासिक अपराध समीक्षा बैठक लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** पीरबीघा थाना परिसर में हिलसा–2 (इस्लामपुर) पुलिस अनुमंडल क्षेत्र की मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल के सभी अंचल निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष उपस्थित रहे, जहां क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से महिला, बच्चों और वृद्धजनों से संबंधित मामलों को प्राथ. मिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही एससी/एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के भी निर्देश दिए गए। पुलिस आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को सीसीटीएनएस पोर्टल, ई–साक्ष्य ऐप और एनआईसी ईमेल का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। गंभीर मामलों में फॉरेंसिक जांच को अनिवार्य करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी गंभीर कांडों में घटनास्थल का एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) से परीक्षण कराया जाए और घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए साक्ष्य संग्रह किया जाए।



इसके अलावा अवैध खनन और शराब के विरुद्ध प्रभावी छापेमारी चलाने के निर्देश दिए गए। भूमि विवाद से संबंधित मामलों के समाधान के लिए नियमित रूप से शनिवार को आयोजित होने वाली बैठकों में निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे मंदिर, मस्जिद, मजार एवं मेलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा ऑडिट कराने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही वरीय अधिकारियों द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि गश्ती के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, ताकि बेहतर कार्य संस्कृति को प्रोत्साहन मिल सके।



# नालंदा में एईएस/जेई और हीट वेव से निपटने की तैयारी तेज, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिले में एईएस/जेई (एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम/जापानी एन्सेफलाइटिस) और हीट वेव से बचाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के सभी स्तरों पर इलाज की समुचित व्यवस्था की गई है। सदर अस्पताल में 10 बेड का एईएस पीआईसीयू वार्ड तैयार है, जबकि अनुमंडलीय अस्पतालों में 5–5 बेड और प्रखंड स्तर पर 2–2 बेड के एईएस वार्ड संचालित किए जा रहे हैं। सभी वार्ड मच्छरदानी युक्त हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य और जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। 20 मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। अब तक 39 चिकित्सा पदाधिकारी, 49 पारा मेडिकल स्टाफ, 16 बीसीएम, 750 आशा एवं आशा फैसिलिटेटर तथा 74 एम्बुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिले में एईएस/जेई की निगरानी के लिए जिला और प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिए गए हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक दवाएं और उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं।




इसके अलावा 102/104 एम्बुलेंस सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके। जेई की रोकथाम के लिए फॉगिंग मशीन और मालाथियान दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वहीं 1 से 15 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जनजागरूकता के लिए जिलेभर में आईईसी सामग्री का वितरण किया जा रहा है और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। साथ ही सभी आशा और आंगनबाड़ी केंद्रों को ओआरएस और पैरासिटामोल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एईएस किट उपलब्ध करा दी गई है, जिसमें आवश्यक मेडिकल उपकरण शामिल हैं। एम्बुलेंस को पंचायतवार टैग कर उनके ड्राइवरों के संपर्क नंबर भी सुनिश्चित किए गए हैं। इसके साथ ही सभी संस्थानों में मिडाजोलम इंट्रा–नेजल स्प्रे रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत उपलब्ध वाहनों को भी आपात स्थिति में उपयोग के लिए टैग किया जाए, ताकि मरीजों को तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सके। बैठक में नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीपीएम, डीएस और अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहन चेकिंग में बड़ी सफलता : थरथरी पुलिस ने चार अपराधियों को दबोचा, हथियार बरामद

**केशववाणी थरथरी (नालंदा)।** थरथरी थाना क्षेत्र के गवसपुर–अदलचक मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कार्रवाई के दौरान अवैध हथियार के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना 6 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7:20 बजे की है, जब थरथरी थाना पुलिस सशस्त्र बल के साथ नियमित वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान अस्ता बाजार की ओर से बिना नंबर प्लेट का एक टेम्पू आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर उसमें सवार पांच लोग घबराकर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए चार लोगों को पकड़ लिया, जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया। पुलिस ने सभी सामानों को जब्त कर लिया है।

इस मामले में थरथरी थाना कांड संख्या 65/26 के तहत आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गुड्डू कुमार (23 वर्ष), शत्रुधन कुमार (24 वर्ष), मनीष कुमार (24 वर्ष) और छोटे पासवान (50 वर्ष) के रूप में हुई है, जो नालंदा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने किया, जिनके साथ पुलिस अवर निरीक्षक बलिंदर प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक नवीन प्रकाश द्विवेदी, प्रभात कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।

# हरनौत बाजार में 15 अप्रैल से नौ दिवसीय महायज्ञ का होगा शुभारंभ तैयारियां जोर–शोर से जारी



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार में स्थित बाबा बख्तौर मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है।आगामी 15 अप्रैल से नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ होगा। वहीं इस कार्यक्रम का देखरेख कर रहे अयोध्या धाम से पहुंचे यज्ञाधीश त्यागी बाबा व सहयोगी में सहरसा से पहुंचे महंत दीपनारायण दास ने बताया कि एक यज्ञशाला का निर्माण 16 स्तंभों को मिलाकर किया जाता है।जिसमें मुजफ्फरपुर जिले के चार कारीगर ( रंजीत सहनी, बलिंद्र सहनी, बटेश्वर सहनी और निराला सहनी)है। उन्होंने कहा कि यज्ञशाला तीन तल्ला बनाई जाएगी।इसके ऊपर एक मंदिर भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नौ दिवसीय महायज्ञ में संध्या में प्रवचन इसके बाद रासलीला का मंचन किया जाएगा।साथ ही मनोरंजन के लिए झुले लगाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 23 को पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ का समापन होगा। जबकि 25–26 अप्रैल तक वार्षिक पुजनोत्सव(हर वर्ष वैशाख शुक्ल पक्ष ) बाबा बख्तौर का श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। जिसमें नालंदा, नवादा, पटना, लक्खिसराय व शेखपुरा जिले के प्रमुख 40 भगतों के अगुवाई में पुजा होगी। जिसमें 25–30 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। वही इस कार्यक्रम को लेकर अवधेश भगत , कुमोद भगत ,अजीत, अशोक , उदय मुनारी ,लाला भगत, राजमनी भगत , दीपनारायण भगत, जामुन समेत अन्य लगे हुए हैं।

# वीआर सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर, गिरियक में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, मेधावी छात्र–छात्राओं को किया गया सम्मानित

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप वीआर सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर में बुधवार को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा, जेईई मेन्स तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजगीर के विधायक कौशल किशोर एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य पार्षद मोना देवी तथा बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में विधायक कौशल किशोर ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, जो पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। वहीं मुख्य पार्षद मोना देवी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कोचिंग संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया।




समारोह के दौरान सफल विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से स्नेहा कुमारी ने 93.8ः (469 अंक), सुहानी कुमारी ने 89.6ः (448 अंक), निरजली कुमारी ने 89.2ः (446 अंक), शिवानी कुमारी ने 86.6ः (433 अंक), अनाली कुमारी ने 83.8ः (419 अंक) तथा नेहा कुमारी ने 82.0ः (410 अंक) अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इसके अलावा दर्जनों छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भूमिका की भी सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके माता–पिता का त्याग और सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किस बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे और हथियारों की आपूर्ति कहां से हुई।इस सफल कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्य अनिल कुमार राम, सुनील सिंह, रमेश सिंह और रविंद्र कुमार शामिल रहे। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120




भारत के टॉप प्राइवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PhD
& OTHER COURSES
आवेदन के लिए संपर्क करें
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

# जहानाबाद में संत पंकज जी महाराज का विशाल सत्संग– भजन सदाचार और नशामुक्त समाज का दिया प्रेरक संदेश





**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट जहानाबाद (बिहार)** बिहार प्रदेश में बेहतर समाज निर्माण के उद्देश्य से चल रही जनजागरण यात्रा के तहत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज मंगलवार सायंकाल कल्पा थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमापुर पह.ुंचे। यहां स्थानीय लोगों, महिलाओं और बच्चों ने उनका भव्य स्वागत किया। बुधवार दोपहर आयोजित सत्संग में संत पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग कोई कथा–कीर्तन या मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन और विवेक जागृत करने का साधन है। उन्होंने कहा कि सत्संग मन, बुद्धि, चित्त और अंतःकरण की मैल को दूर करता है। उन्होंने प्रसिद्ध उक्ति का उल्लेख करते हुए कहाकृ "सत्संग जल जो कोई पावे, मैल सब कटि–कटि जावे।" उन्होंने मानव जीवन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह दुर्लभ शरीर केवल भोग–विलास और सांसारिक सुखों में बिताने के लिए नहीं मिला है। व्यक्ति को अपने दैनिक कार्यों के साथ–साथ कुछ समय भगवान के सच्चे भजन के लिए भी निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि मृत्यु के समय व्यक्ति के साथ केवल उसका भजन और अच्छे कर्म ही जाते हैं। संत पंकज जी महाराज ने स्पष्ट किया कि साधु बनने या परिवार त्यागने की आवश्यकता नहीं है। गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी प्रतिदिन एक से दो घंटे भजन करना संभव है। उन्होंने भजन की व्याख्या करते हुए कहा कि यह जीवात्मा के दिव्य कानों से ईश्वरीय संगीत को सुनने की प्रक्रिया है। इस दौरान उन्होंने नामदान (प्रभु प्राप्ति का मार्ग) देकर साधना की तीनों क्रियाओं को विस्तार से समझाया। सत्संग के दौरान उन्होंने वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए घर से दूर जाने वाले बच्चे गलत संगत के कारण मांसाहार और नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, जिससे उनका जीवन लक्ष्य भटक जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वयं शाकाहारी बनें और बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रकृति की दृष्टि से अनुकूल नहीं है और बुरे कर्मों के कारण समाज में गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। संत पंकज जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को आगामी 17 से 21 मई तक उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप बाबू, अशोक कुमार, सकलदेव मिस्त्री, गौरी शंकर, राकेश बिंद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सत्संग के उपरांत जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव के लिए गोलकपुर (थाना घोसी, जिला जहानाबाद) के लिए रवाना हो गई, जहां गुरुवार पूर्वाह्न 11:30 बजे से अगला सत्संग आयोजित किया जाएगा।

# नेहुसा पंचायत के गोखुलपुर गांव के खंधा में लगा आग लगभग 15 से 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुआ खाक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायत के गोखुलपुर गांव के खंधा में आग लगने से लगभग 15 से 20 बीघा में लगे गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। आग लगते ही देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। पीड़ित किसान ने बुधवार को बताया कि नेहूसा – गोखुलपुर गांव के प्रतिम खंधा में आग लगने से पवन कुमार, विजेंद्र कुमार, बनारस महतो, नवल राम, सुजीत कुमार, रामन. ाथ प्रसाद उर्फ दरोगा जी सहित लगभग एक दर्जन किसानों के करीब 15 से 20 बीघा में लगे गेहूं के तैयार फसल जल नष्ट हो गई। पीड़ित किसानों ने बताया कि कुछ दिन में गेहूं की कटाई करने ही वाले थे। आग लगने से पूरी मेहनत बर्बाद हो गया। हालांकि आग कैसे लगी है इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका जताया जा रहा है कि किसी अज्ञात बदमाश के द्वारा आग लगाया गया है। वही घंटे देरी के बाद दमकल विभाग के कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीणों व किसानों के द्वारा आग पर काबू पाया गया।

# नालंदा में भीषण अगलगी, 21 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पचलोवा पंचायत अंतर्गत अकबरपुर गांव के खंधा में मंगलवार को भीषण आग लगने से करीब 21 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस अगलगी की घटना में नौ किसानों की लाखों रुपये मूल्य की फसल नष्ट हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने के बाद तेज पछुआ हवा के कारण लपटें तेजी से फैलने लगीं और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय पुलिस बल एवं अग्निशमन वाहन के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। इस अगलगी में प्रभावित किसानों में ओम प्रकाश (4 एकड़), शैलेश कुमार (लगभग 4.5 एकड़), महेश प्रसाद (5 एकड़), विजय कुमार एवं मुन्नी देवी (10–10 कट्ठा), जयप्रकाश यादव (32 कट्ठा), पिंटू कुमार एवं शंकर कुमार (10–10 कट्ठा) शामिल हैं, जिनकी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

घटना के बाद थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय और प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामदेव राम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अग्निशमन टीम, पुलिस बल एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। संयुक्त प्रयास से आग के फैलाव को आगे बढ़ने से रोका गया। इस दौरान पचलोवा पंचायत के मुखिया आशुतोष कुमार उर्फ पवन कुशवाहा भी मौके पर मौजूद रहे और राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया। प्रशासन द्वारा क्षति का आकलन किया जा रहा है तथा प्रभावित किसानों को नियमानुसार सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई है।

# बिहार खेल विश्वविद्यालय में नामांकन शुरू, खेल शिक्षा में करियर बनाने का सुनहरा अवसर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा खेल शिक्षा, कोचिंग एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा रहा है, जिससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुलपति शिशिर सिन्हा के नेतृत्व में संस्थान खेल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। वहीं कुलसचिव रजनी कांत एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. निशिकांत तिवारी के मार्गदर्शन में नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। सत्र 2026–27 के लिए बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) चार वर्षीय स्नातक कोर्स, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग (पीजीडीएससी) तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (पीजीडीएसएम) में नामांकन लिया जा रहा है। स्पोर्ट्स कोचिंग कोर्स एथले. टिक्स, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे खेलों में उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रम यूजीसी के मानकों के अनुरूप हैं। साथ ही स्पोर्ट्स कोचिंग कोर्स को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के समकक्ष मान्यता प्राप्त है, जिससे छात्रों को बेहतर करियर संभावनाएं मिलेंगी। नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में आधुनिक खेल सुविधाएं, अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और बिहार सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण की व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही वर्ष 2026 में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी भी पात्रता की शर्तों के साथ आवेदन कर सकते हैं। नामांकन से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों और ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर खेल शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारें।







